ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-02-2025

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2025-02-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2025-02-19	2025-02-20	2025-02-21	2025-02-22	2025-02-23
वर्षा (मिमी)	0.0	1.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	32.0	32.0	32.0	29.0	30.0
न्यूनतम तापमान(से.)	18.0	19.0	17.0	18.0	18.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	23	18	21	22	16
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	46	61	38	33
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	13	19	19	14	10
पवन दिशा (डिग्री)	150	326	13	12	75
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	5	0	2	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में बादल छाए रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 30.0 से 32.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 17.0 से 19.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 10-19 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में बादल छाए रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 30.0 से 32.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 17.0 से 19.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 10-19 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है, किसान भाई रबी फसलों की क्रांतिक अवस्थाओं पर सिंचाई अवश्य करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	समय पर बोयी गयी गेंहूं की फसल अभी दुधिया अवस्था में हैं और इस क्रांतिक अवस्था पर सिचांई करना अति आवश्यक है। खडी फसल में दीमक की रोकथाम हेतु क्लोरोपायरीफॉस 20 ई.सी. 4 लीटर प्रति हेक्टयर सिचांई के साथ दें।
सरसों	सरसों में जब पतें झडनें लगें और फलियां पीली पडनें लगे तो फसल काट ले अन्यथा कटाई में देर होने पर दाने झड जाने की आशंका रहती है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	किसान भाई जीरे की फसल में बीज बनने की अवस्था पर हल्की सिंचाई करें। जीरे की फसल में फसल में एफिड कीट का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु डाइमिथोएट 30 ईसी. एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से या ऐसीफेट 75 एस.पी. 750 ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।
	ईसबगोल की फसल में मोयला की रोकथाम के लिए क्लोथियानिडिन 50 डब्ल्यू.डी.जी. कीटनाशी 1 ग्राम प्रति 5 लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
मेंथी	मैथी की फसल में बीज वृद्धि की अवस्था पर सिंचाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं को थनेला रोग से बचाने के लिए पशु का पूरा दूध पूर्ण हस्त विधि से निकालें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	कुष्माण्ड कुल की ग्रीष्मकालीन सब्जियों की बुवाई हेतु खेत तैयार करें अन्तिम जुताई के समय 20-25 टन देशी खाद प्रति हैक्टेयर की दर से खेत में डालें।
सामान्य सलाह	अगर खेत में खरपतवार दिखाई दे तो उसे हटा दें क्यों की यह समय खरपतवारों के बीज बनने का समय है। अगर खरपतवारों को हटा दिया जाए तो अगले वर्ष खरपतवारों के नियंत्रण में आसानी होगी।